392
14/9/12

खण्ड : 10 संख्या : 2

# नवम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(दशम् सत्र)

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

सोमवार, दिनांक : 30 जनवरी 1989 ई०

(1) क्या यह बात सही है कि राजगीर विधान–सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले प्रत्येक पंचायतों में वर्ष 1986–87; 1987–88 में चापाकल गाड़ने की सूची सरकारी निदेशानुसार प्रश्नकर्त्ता सदस्य ने संबंधित पदाधिकारी को दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक सूची के अनुसार चापाकल नहीं गाड़ा गया है, जबकि मार्च, 1988 तक गाड़ देना था, यदि हां, तो सरकार कब तक पूरा चापाकल गाड़ना चाहती है?

**प्रभारी राज्य मंत्री, श्री अमरेन्द्र मिश्र**–उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) राजगीर विधान–सभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत में 30 (तीस) पंचायतें है। वर्ष 1986–87 एवं 1987–88 में कुल 144 अदद नलकूपों का निर्माण कराया गया है। शेष 6 (छः) अदद नलकूपों का निर्माण वर्तमान वित्तीय वर्ष 1988–89 में पूरा करा दिया जायेगा।

---

## श्री सिन्हा का स्थानान्तरण

**फ–90. श्री समसू जोहा**–क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रणा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत लोक–स्वास्थ्य प्रमंडल में श्री विमल सिन्हा, कनीय अभियन्ता विगत 15 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित रह हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधाननुसार किसी सरकारी कर्मचारी को एक स्थान पर 3 वर्ष की सेवावधि पूरा कर लेने पर उनका स्थानान्तरण देय हो जाता है।

(3) क्या यह बात सही है कि श्री सिन्हा का स्थानान्तरण दरभंगा से अक्तूबर 1987 में लोक-स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम, पटना में किया गया है एवं श्री सिंह उक्त स्थान पर योगदान देकर तीन महीना कार्य भी कर चुके हैं;

(4) क्या यह बात सही है कि श्री सिंह का पुनः पदस्थापन जनवरी 1988 में दरभंगा में किया गया है, यदि हां तो इसका क्या औचित्य है?

**प्रभारी राज्य मंत्री**, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग—(1) श्री विमल कुमार सिन्हा, नवम्बर 1972 से अगस्त, 1987 तक लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा एवं लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर में पदस्थापित रहे हैं जो लोक-स्वास्थ्य अभियंत्रणा, दरभंगा अंचल के अन्तर्गत ही है।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3) श्री विमल कुमार सिन्हा, कनीय अभियन्ता, लोक-स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना में दिनांक 2 अप्रील 1987 से जनवरी, 1988 तक कार्यरत रहे हैं।

(4) श्री सिन्हा का स्थानान्तरण जनवरी, 1988 में लोक-स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा में किया गया था, किन्तु प्रशासनिक दृष्टिकोण से उन्हें वहां से स्थानान्तरित कर क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, पटना के अन्तर्गत पदस्थापन के लिये सेवा सौंप दी गई है।

---

## ग्रामीण जजापूर्ति योजना का कार्यान्वयन

फ-156. श्री सुरेश कुमार मिश्र—क्या मंत्री, लोक-स्वास्थ्य अभियंत्रणा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—